# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण)

औद्योगिक क्षेत्र,खलीलाबाद, जनपद- संत कबीर नगर।

kabirnagar@gmail.comedsant -mail I.D:-E, -:mail I.D-E eeruralskngmail.com@,


पत्रांक 822 / W-05 / 114 दिनांक 07/09/2026

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक महोदय,

उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

लखनऊ।

**विषयः- दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 11.08.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**



उपर्युक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि दिनांक 11.08.2026 दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ***"जब्बार में लाखों की टंकी की पानी खाली, जल जीवन मिशन के तहत बनी 04 साल से नहीं मिली पानी की सप्लाई"*** के क्रम में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वि0ख0- मेंहदावल में जब्बार पेयजल योजना पर ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण है, पम्प हाउस एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है , पाइपलाइन का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है एवं गृह संयोजन का कार्य 50 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, वर्तमान में योजना के 3 मजरों मे से धौबी टोला में जलापूर्ति की जा रही है, शेष मजरों में फर्म द्वारा पाइपलाइन के टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है। जल्द ही पाइपलाइन टेस्टिंग एवं गृह संयोजन का कार्य पूर्ण करने के बाद सभी मजरों में जलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।





भवदीय

(महेन्द्र राम)

अधिशासी अभियन्ता

**पृ०स० एवं दिनांक तदैव-**

**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. जिलाधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।
3. जिला सूचना अधिकारी, संतकबीरनगर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
5. संबंधित सहायक अभियन्ता / जू0इं0।

अधिशासी अभियन्ता

दैनिक भास्कर

दिनांक :- 11-08-2026 श्री चन्द्रशेखर ¶ / विजय

## जब्बार में लाखों की पानी टंकी खाली: जल जीवन मिशन के तहत बनी, 4 साल से नहीं मिली पानी सप्लाई

प्रवीण कुमार मिश्रा | सांडे कला(मेंहदावल), संतकबीर नगर27 दिन पहले



जब्बार में लाखों की पानी टंकी खाली।

संतकबीर नगर के ग्राम जब्बार में सरकार की महत्वपूर्ण जल जीवन मिशन योजना के तहत लाखों रुपये खर्च कर एक पानी की टंकी का निर्माण किया गया है। यह टंकी चार साल पहले बनी थी, लेकिन तब से यह खाली खड़ी है और इससे गांव में पानी की आपूर्ति कभी नहीं की गई।

ग्रामीणों के अनुसार, इस टंकी में कभी पानी नहीं भरा गया। योजना के तहत गांव में बिछाई गई पानी की पाइपलाइन भी उखड़ चुकी है। वाटर सप्लाई के लिए लगाए गए नल भी गायब हैं। टंकी के नीचे भारी गंदगी जमा हो गई है और इसकी चारदीवारी भी टूट गई है।

स्थानीय ग्रामीण बृजेश तिवारी, सोनू मिश्रा, अभय तिवारी, सर्वेश तिवारी, पंकज तिवारी, सत्यम सिंह, टाइगर सिंह, दिवाकर सिंह, दिनेश सिंह, विनोद सिंह, नित्यम सिंह, प्रमोद सिंह, ईश्वर नाथ, शुभम उजागर, राम प्रसाद और केवल ने बताया कि यह टंकी केवल दिखाने के लिए बनाई गई है। उनका कहना है कि इसके निर्माण में लाखों रुपये बर्बाद हुए हैं, जिसका गांव वालों को कोई लाभ नहीं मिला।

ग्रामीणों ने प्रशासन से इस टंकी को जल्द से जल्द चालू करने और गांव में पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।